भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 2280
29 जुलाई, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

पोस्ट ग्रेजुएट संस्थाओं की स्थापना

2280. श्री प्रदीप कुमार चौधरी:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पूरे देश में स्थापित चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान की पोस्ट ग्रेजुएट संस्थाओं (पीजीआई) की कुल संख्या कितनी है;
(ख) वर्ष 2022-23 में सरकार द्वारा कितने पीजीआईज़ स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है;
(ग) क्या सरकार का वर्ष 2022-23 के दौरान मौजूदा पीजीआईज़ के उन्नयन अथवा आधुनिकीकरण का विचार है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और क्या सहारनपुर के पिलखानी में स्थित पीजीआई को भी निकट भविष्य में विकसित करने का प्रस्ताव है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) से (ग): जैसाकि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग द्वारा सूचित किया गया है, वर्तमान में देशभर में 493 मेडिकल कॉलेज हैं जो स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा प्रदान करते हैं। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के पास वर्ष 2022-23 में नए पीजीआई की स्थापना के लिए कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। हालांकि 'नए पीजी विषयों की शुरूआत करने और पीजी सीटें बढ़ाने के लिए राज्य सरकार के मेडिकल कॉलेजों का सुदृढ़ीकरण और उन्नयन' की केंद्र प्रायोजित योजना के अंतर्गत, 22 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में दो चरणों में 5930 पीजी सीटें अनुमोदित की गई हैं।

(घ): जैसाकि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सूचित किया गया है, सहारनपुर में कोई स्नातकोत्तर संस्थान नहीं है।

*****